@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 248 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## पृथ्वी-2 और अग्नि-1 का सफल परीक्षण

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से पृथ्वी-2 और अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइलों का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया था। इन परीक्षणों में, दोनों मिसाइलों ने अपने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। पृथ्वी-2 एक स्वदेशी रूप से विकसित, परमाणु-सक्षम, सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। यह मिसाइल उन्नत जड़त्वीय मार्गदर्शन प्रणाली का उपयोग करती है। अग्नि-1 भी एक स्वदेशी रूप से विकसित, परमाणु-सक्षम, सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 700 से 1200 किलोमीटर है। यह एक ठोस ईंधन वाली मिसाइल है, जिसे किसी भी स्थान से लॉन्च किया जा सकता है। अग्नि-1 को 2004 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। इन सफल परीक्षणों से भारत की सामरिक क्षमताओं में वृद्धि हुई है।

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। गुरुवार को दोनों नेताओं की मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। यह बैठक करीब 20 मिनट तक चली। इस बैठक में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे।

## प्रवेश साहिब सिंह और मंजीन्दर सिंह सिरसा ने फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

नई दिल्ली, 17 जुलाई। दिल्ली के सबसे लंबे समय से जामग्रस्त इलाकों में से एक श्वक्र-2 और नेशनल हाईवे के इंटरसेक्शन पर ट्रैफिक की गंभीर समस्या को सुलझाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (PWD) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और पर्यावरण मंत्री मंजीन्दर सिंह सिरसा ने संयुक्त रूप से निर्माणाधीन फ्लाईओवर और अंडरपास कार्य का निरीक्षण किया। यह महत्त्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पश्चिमी और बाहरी दिल्ली के उन लाखों लोगों के लिए राहत लेकर आएगा, जो रोजाना इस जंक्शन पर लगने वाले भीषण जाम से जूझते हैं। सालों से हो रहे ट्रैफिक दबाव के चलते समय की बर्बादी, ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण में भारी इज़ाफा देखा गया है। निरीक्षण के बाद PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा: मैं सभी कंसल्टेंट्स के साथ मिलकर यहां हुए



काम की कमियों को जांचने आया हूँ। हम इसे दोबारा अध्ययन करेंगे और जो भी कमियां या गैप हैं उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। दिल्ली की जनता को तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और व्यावहारिक समाधान चाहिए — और हम उसी दिशा में काम कर रहे हैं। यह परियोजना नजफगढ़, द्वारका, रोहिणी और दिल्ली-गुड़गांव-जयपुर हाइवे (शिव मूर्ति चौराहा) जैसे महत्त्वपूर्ण इलाकों को जोड़ने वाले इस चौराहे पर निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी और वैकल्पिक मार्गों पर मौजूद दबाव को भी कम करेगी। पर्यावरण मंत्री मंजीन्दर सिंह सिरसा ने कहा हमारा लक्ष्य प्रदूषण को नियंत्रित करना है, जो भारी ट्रैफिक के कारण लगातार बढ़ता जा रहा है। हम इस प्रदूषण को प्रभावी रूप से कम करने के तरीके खोजने पर काम कर रहे हैं। ऐसे प्रोजेक्ट सिर्फ ट्रैफिक ही नहीं, बल्कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधारने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। दोनों मंत्रियों ने इस परियोजना के समयबद्ध और तकनीकी रूप से सटीक क्रियान्वयन की ज़रूरत पर बल दिया।

शेष पृष्ठ 3 पर

# चीन ने भारत और रूस के साथ त्रिपक्षीय सहयोग को फिर से शुरू करने की वकालत की

** कहा-त्रिपक्षीय सहयोग न सिर्फ तीनों देशों, बल्कि विश्व सुरक्षा के लिए भी अहम*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने गुरुवार को ठंडे बस्ते में पड़ चुके रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग को फिर से शुरू करने की वकालत की है। पहले रूस की तरफ से यह पहल की गई थी, जिसका बीजिंग ने समर्थन किया है। चीन ने कहा कि रूस, भारत और चीन का त्रिपक्षीय सहयोग न सिर्फ तीनों देशों के हित में है, बल्कि क्षेत्र और विश्व की सुरक्षा और स्थिरता के लिए भी काफी अहम है।

रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के हवाले से कहा गया है कि मास्को आरआईसी फॉर्मेट की बहाली की उम्मीद करता है और इस मुद्दे पर बीजिंग और नई दिल्ली के साथ बातचीत कर रहा है। रुडेन्को ने कहा कि यह मुद्दा दोनों के साथ हमारी बातचीत का हिस्सा है। हम इस फॉर्मेट को सफल बनाने में रुचि रखते हैं, क्योंकि ब्रिक्स के संस्थापकों के अलावा ये तीनों देश अहम साझेदार भी हैं। रूस के उप विदेश मंत्री ने कहा कि मेरी राय में इस फॉर्मेट की कमी सही नहीं लगती। इस बारे में हम उम्मीद करते हैं कि देश आरआईसी के ढांचे के भीतर काम फिर से शुरू करने पर सहमत होंगे। बेशक, जब इन राज्यों के बीच संबंध उस स्तर पर पहुंच जाएंगे जो उन्हें त्रिपक्षीय फॉर्मेट में काम करने की इजाजत देता है।

### विश्व शांति और प्रगति के लिए जरूरी

मीडिया ब्रीफिंग में रुडेन्को के बयान पर रिएक्ट करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को कहा कि चीन-रूस-भारत सहयोग न सिर्फ तीनों देशों के संबंधित हितों को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र और विश्व में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति को बनाए रखने में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि चीन त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए रूस और भारत के साथ डायलॉग बनाए रखने को तैयार है। आरआईसी की बहाली में रूस और चीन की रुचि हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर की स्ष्टह्र विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन यात्रा के बाद बढ़ी है। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री वांग यी और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव समेत टॉप चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी।

### भारत-चीन टकराव से रुका सहयोग

लावरोव ने पिछले साल कहा था कि आरआईसी फॉर्मेट में जॉइंट वर्क पहले कोरोना वायरस के कारण और बाद में 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सैन्य गतिरोध के कारण रुक गया था। लद्दाख गतिरोध के कारण भारत-चीन संबंधों में चार साल से ज़्यादा समय तक ठहराव रहा। पिछले साल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात के बाद द्विपक्षीय संबंधों में फिर से जान आई है। तब से दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए लगातार वार्ता चल रही है।

### संबंधों को पटरी पर लाने की कवायद

विदेश मंत्री जयशंकर की हालिया यात्रा, एनएसए अजीत डोभाल और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन यात्रा के बाद हुई है। लावरोव ने मई में कहा था कि रूस, जिसके भारत और चीन के साथ मजबूत संबंध हैं, आरआईसी फॉर्मेट की बहाली में वास्तव में रुचि रखता है। उन्होंने कहा कि रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव की ओर से शुरू की गई त्रिपक्षीय व्यवस्था के तहत तीनों देशों के बीच अलग-अलग स्तरों पर 20 बैठकें हुई हैं। ये तीनों देश ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) और इस ग्रुप के न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के गठन में प्रमुख भूमिका में थे, जिसमें अब 10 सदस्य हैं।



### बीजिंग को सता रहा किस बात का डर

भारत और चीन के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और बीजिंग की ओर से अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान को उसकी भारत विरोधी गतिविधियों में लगातार समर्थन देने सहित अनेक मुद्दों ने आरआईसी की प्रासंगिकता और महत्व को कम कर दिया है। हाल ही में, आरआईसी की बहाली में रूस और चीन की रुचि बढ़ रही है, क्योंकि भारत क्वाड का सदस्य बन गया है। यह अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का उभरता हुआ गठबंधन है, जिसे बीजिंग अपने प्रभाव को रोकने के मकसद से तैयार एक ग्रुप के तौर पर देखता है।

# केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**कौमी पत्रिका**
**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 17 जुलाई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। वित्त मंत्रालय में हुई इस



मुलाकात में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को राजधानी दिल्ली की विकास यात्रा, मौजूदा योजनाओं की प्रगति और भविष्य की आवश्यकताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली में प्रभावी बदलाव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की %सहभागिता आधारित विकास नीति% से राजधानी को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने भरोसा दिलाया है कि दिल्ली के विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, प्रशासनिक और आर्थिक पहचान का केंद्र है। ऐसे में इसका नियोजित विकास और सुशासन ऐसा होना चाहिए, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि दिल्ली सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है, ताकि दिल्ली को बेहतर विकास हो और लोगों को वे सभी सुविधाएं मिलें जो देश की राजधानी के निवासियों को मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई SASCI (Special Assistance to States/UTs for Capital Investment) योजना के अंतर्गत दिल्ली सरकार को इस माह के अंत तक 600 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता प्रदान कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राशि के लिए वह शीघ्र की प्रस्ताव वित्त मंत्रालय भेज रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धनराशि का प्रयोग दिल्ली के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए किया जाएगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली में यातायात प्रबंधन, जल निकासी, हरित ऊर्जा, कचरा प्रबंधन आदि योजनाओं में भी किया होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री के सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोगात्मक रवैये के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों का प्रत्यक्ष लाभ महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि स्स्ष्टद्ब योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा और दिल्ली को एक विश्वस्तरीय राजधानी के रूप में विकसित करने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस बैठक में वित्त मंत्रालय व दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि यह मुलाकात न केवल दिल्ली के विकास को गति देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि यह केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहयोगात्मक संघवाद की भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। SASCI योजना की शुरुआत वर्ष 2020-21 में कोविड-19 से आर्थिक पुनरुद्धार के मद्देनज़र की गई थी। इसका उद्देश्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को पूंजीगत खर्च के लिए 50 वर्षों तक ब्याज रहित कर्ज उपलब्ध कराना है, ताकि बुनियादी ढांचे, रोजगार और सतत विकास को बढ़ावा मिल सके। यह योजना राज्यों को वित्तीय संसाधन, सुधारों और पूंजीगत क्षमता प्रदान कर देश के समग्र विकास में सक्रिय भागीदार बनाती है।

*केंद्रीय मंत्री शाह जयपुर में सहकारिता सम्मेलन में हुए शामिल, बांटे नियुक्ति पत्र*

## मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम : अमित शाह




**जयपुर (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं। श्री शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था लेकिन श्री मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की और जब पूलवामा हमला हुआ तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेडखानी नहीं करते तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार श्री मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया।

# बारिश और बादल फटने से हिमाचल में 109 लोगों की मौत

*- लैंडस्लाइड के कारण अमरनाथ यात्रा रुकी*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हुई है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है।

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश की वजह से अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हुई, जबकि तीन घायल हो गए। यात्रा गुरुवार को दिनभर के रोक दी गई है।

वहीं मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश की वजह से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं। वहीं, बिहार के अलग-अलग जिलों में बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, राज्य में इस सीजन में



औसत से 46 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की चेतावनी के बाद अमरनाथ यात्रा गुरुवार को दिनभर के लिए रोक दी गई। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से पटरियों की तुरंत मरम्मत करने की जरुरत है।

कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर ने बताया कि दिन में मौसम की स्थिति के आधार पर शुक्रवार से यात्रा फिर शुरू होगी। अब तक 2.47 लाख तीर्थयात्री पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

राजस्थान के धौलपुर में पार्वती बांध का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। पानी का स्तर 222.95 मीटर तक पहुंच चुका है, जबकि बांध की भराव क्षमता 223.41 मीटर है। बुधवार को पांच गेट खोलकर 5500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नदी के करीब निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। छत्तीसगढ़ और झारखंड में हो रही बारिश का असर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दिखाई दे रहा है। यहां कनहर बांध का जलस्तर 255.900 मीटर तक पहुंच गया है। इसके चलते बांध के 8 गेट खोलने पड़े हैं। 3200.97 क्यूबिक मीटर प्रति सेकेंड की दर से पानी छोड़ा जा रहा है।

## छात्रा की मौत पर ओडिशा बंद के दौरान कांग्रेस समेत 8 पार्टियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा में सेक्शुअल हैरेसमेंट मामले में छात्रा की मौत को लेकर विपक्ष ने गुरुवार 17 जुलाई को ओडिशा बंद के दौरान जबरदस्त प्रदर्शन किया है। बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भद्रक में ट्रेन को भी रोक दिया। भुवनेश्वर में यात्री बसों का चक्काजाम रहा, जिससे यात्रियों ने पैदल ही घर तक का सफर तय किया। ओडिशा बंद के दौरान गुरुवार को भद्रक जिले के चेन्नई-कोलकाता हाईवे पर कुछ लोगों ने टायरों में आग लगा दी, इसके चलते ट्रकों की लंबी कतार लग गई। बंद के दौरान हुए प्रदर्शन को देखते हुए आसपास की दुकाने भी स्वत- बंद कर दी गईं थीं। बंद के समर्थन में बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं मयूरभंज की बात करें तो यहां पर भी लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे और छात्रा को न्याय दिलाने और कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करते देखे गए। यहां बताते चलें कि ओडिशा बंद के दौरान हुए प्रदर्शन में कांग्रेस समेत 8 विपक्षी पार्टियां शामिल हुईं। इनमें प्रमुख रुप से बीजू जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी सीपीआई(एम), सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के नेतागण और अनेक कार्यकर्ता प्रदर्शन करते नजर आए।



# सावन में शिवभक्तों के स्वागत के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार: सीएम रेखा गुप्ता

**कौमी पत्रिका**
**संजय कुमार**

नई दिल्ली, 17 जुलाई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल गोकुलपुरी स्थित कांवड़ शिविर का उद्घाटन किया और दौरा कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे दिल्ली में एक उत्सव जैसा माहौल है। हर कांवड़ कैंप की व्यवस्थाएं हमारी टीम, अधिकारियों, मंत्रियों और विधायकों द्वारा समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली गई हैं। दिल्ली सरकार पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपना कर्तव्य निभा रही है। इस दौरान सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा एवं विधायक अजय महावर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली के यमुना विहार में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की और भोले बाबा का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांवड़ यात्रा आस्था और सेवा का प्रतीक है। हमारी सरकार प्रत्येक श्रद्धालु को पूरा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी



सरकार सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि पहले की सरकारों के दौरान कांवड़ सेवा में भारी अनियमितताएं होती थीं। मात्र 170 कैंप लगाए जाते थे, जिनमें से कई संदिग्ध संस्थाओं के नाम पर होते थे। करोड़ों रुपये टेंट माफिया की जेब में चले जाते थे और असली शिव भक्त तक सुविधाएं नहीं पहुंचती थीं। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार 374 कांवड़ कैंप लगाए गए हैं। सभी कैंपों को केवल 72 घंटे में सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्रदान की गईं। इस बार कांवड़ शिविरों की अनुमतियाँ न केवल समयबद्ध रूप से जारी की गईं, बल्कि सभी व्यवस्थाएँ भी पूर्व निर्धारित समय में पूरी कर ली गई है। इतना ही नहीं, पहली बार सभी संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है और उन्हें सीधे उनके बैंक खातों में फंड ट्रांसफर किया गया है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने शिविरों को दो किश्तों में सहायता राशि देने की नीति अपनाई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुझे खुशी है कि व्यवस्थाओं को लेकर लोगों में संतोष और उत्साह है।

शेष पृष्ठ 3 पर

## आज फिर बिहार आएंगे पीएम मोदी, राज्य को देंगे करोड़ों रुपए की सौगातें

**पटना (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को फिर से बिहार आ रहे हैं और चुनावी राज्य को कई सौगात देंगे। इस साल जनवरी के बाद से यह पीएम मोदी का यह बिहार का पांचवां दौरा होगा। इस साल अक्टूबर-नवंबर में बिहार में विधानसभा चुनाव होंगे। पीएमओ ने जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के मोतिहारी में पीएम मोदी रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। बीजेपी की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के मुताबिक मोदी पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।



उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के एजेंडे में बिहार शीर्ष पर है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सत्ता संभालने के बाद से वह 53वीं बार राज्य का दौरा करेंगे। राज्य में 7,196 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। जायसवाल ने कहा ये परियोजनाएं रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क, ग्रामीण विकास, पशुपालन और डेरी तथा सूचना प्रौद्योगिकी सहित विविध क्षेत्रों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे से संबंधित परियोजनाओं की लागत 5,398 करोड़ रुपए है, जबकि राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर 1,173 करोड़ खर्च होंगे। डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से आईटी परियोजनाओं पर 63 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर फिर लग सकते हैं प्रतिबंध

**तेहरान, एजेंसी।** दो यूरोपीय राजनयिकों ने मंगलवार को बताया कि अगर परमाणु समझौते पर कोई ठोस प्रगति नहीं होती है तो ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश अगस्त में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के कड़े प्रतिबंध बहाल करने पर सहमत हैं। इस मुद्दे पर तीनों देशों के राजदूतों की जर्मनी में संयुक्त राष्ट्र मिशन में चर्चा हुई। तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ फोन पर बातचीत में भी इस विषय पर चर्चा की। इन देशों की कोशिश है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित न कर सके।

### पूर्व नाइजीरियाई राष्ट्रपति बुहारी को हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मदु बुहारी का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके उत्तर स्थित गांव में किया गया। हजारों लोग उन्हें आखिरी बार देखने और विदाई देने के लिए सड़कों पर जमा हो गए। बुहारी का निधन रविवार को लंदन में हो गया। वे 82 साल के थे और कुछ समय से बीमार चल रहे थे। 2023 में सत्ता छोड़ने के बाद से वे सार्वजनिक रूप से ज्यादा दिखाई नहीं देते थे। उनके अंतिम संस्कार में नाइजीरिया के वर्तमान राष्ट्रपति बोला टीनुबू और कई अन्य नेता भी शामिल हुए। सेनेगल की राष्ट्रपति बसिरू फेय ने बुहारी को नाइजीरिया और अफ्रीका के राजनीति जगत का एक बड़ा नेता बताया।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर तख्तापलट की साजिश का आरोप

**ब्रासीलिया हवे, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव हारने के बाद तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप लगा है। ब्राजील के मुख्य अभियोजनक-जनरल पाउलो गोनेट ने इस मामले में कोर्ट से बोल्सोनारो को दोषी करार दिए जाने की मांग की है। उन्होंने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात जारी 517 पन्नों की रिपोर्ट में कहा, सबूत स्पष्ट हैं, अभियुक्त ने अपने कार्यकाल के दौरान और चुनावों में हार के बाद भी, विद्रोह भड़काने और लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को अस्थिर करने के लिए व्यवस्थित रूप से काम किया। वहीं, बोल्सोनारो ने सभी आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी लोकतंत्र या संविधान का उल्लंघन नहीं किया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह मुकदमा एक चुड़ैल का शिकार था, जो पिछले हफ्ते अपने दक्षिण अमेरिकी सहयोगी के बचाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द की याद दिलाता है।

### सीनेट ने ट्रंप के 9 अरब डॉलर के खर्च कटौती अनुरोध को आगे बढ़ाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सीनेट के रिपब्लिकन सदस्यों ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व में स्वीकृत लगभग 9 अरब डॉलर के खर्च को कम करने के अनुरोध को आगे बढ़ाया। सीनेट में मतदान 50-50 के अंतर से हुआ, जिसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वोट देकर बराबरी का अंतर तोड़ा। सीनेट में अंतिम मतदान बुधवार को हो सकता है। इसके बाद विधेयक पर सदन में एक और मतदान होगा, जिसके बाद शुक्रवार की समय सीमा से पहले इसे ट्रंप के हस्ताक्षर के लिए उनके पास भेजा जाएगा। रिपब्लकिन सदस्य प्रस्तावित 40 करोड़ डॉलर की कटौती के लिए [illegible] नामक कार्यक्रम को बंद करने पर विचार कर सकते हैं। एचआईवी/एड्स जैसी बीमारी से निपटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

### पुतिन को फोन कर मनाएं, वरना लगेंगे कड़े प्रतिबंध, नाटो ने भारत-चीन और ब्राजील को चेताया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ब्रिक्स में शामिल देशों को नाटो की तरफ से चेतावनी जारी की गई है। यह चेतावनी रूस के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने की स्थिति में जारी की गई है। नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने अमेरिका की संसद में वहां के सांसदों से मुलाकात के दौरान ये बातें कही हैं। उन्होंने भारत, ब्राजील और चीन से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता पर गंभीरता से सोचने के लिए मनाने की अपील भी की है। उन्होंने कहा, मेरा भारत, चीन और ब्राजील के नेताओं से आग्रह है कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लें क्योंकि यह संकट आपके देश पर बहुत भारी पड़ सकता है। रुटे ने चेताया कि अगर रूस यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार नहीं हुआ तो इन देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, कृपया पुतिन को फोन करें और कहें कि अब वक्त आ गया है कि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। वरना इसका भारी नुकसान ब्राजील, भारत और चीन को उठाना पड़ेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को नई सैन्य सहायता देने की घोषणा की थी। इस दौरान ट्रंप ने रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 100प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने यह धमकी 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं होने की स्थिति में दी है। आपको बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत, चीन और ब्राजील ने एक तटस्थ नीति अपना रखी है। इन देशों ने यूक्रेन युद्ध में स्पष्ट पक्ष नहीं लिया है और निष्पक्ष रुख अपनाया है। इसके अलावा, इन तीनों देशों के रूस के साथ ऊर्जा और व्यापारिक संबंध जारी हैं। नाटो के इस बयान को रूस पर दबाव बनाने के लिए एक हथियार के तौर पर देखा जा सकता है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते रूस पर यूक्रेन में लड़ाई समाप्त करने के लिए समझौता करने में विफल रहने की सूरत में बड़े प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि मॉस्को को समझौता करने के लिए 50 दिन का समय दिया जाएगा, जिसके उपरांत उसे बहुत गंभीर आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।

# ट्रंप प्रशासन के निशाने पर न्याय विभाग

## 10 राज्यों के 17 आव्रजन न्यायालयों के जजों को किया बर्खास्त

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन के निशाने पर अब न्याय विभाग है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में 10 राज्यों के 17 आव्रजन न्यायालयों के न्यायाधीशों को बर्खास्त कर दिया है। ये कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब ट्रंप प्रशासन ने देश से प्रवासियों को बड़े पैमाने पर निर्वासित करने की प्रक्रिया को तेज किया है। न्यायाधीशों की बर्खास्तगी के बारे में जजों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ ने जानकारी दी है।

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ प्रोफेशनल एंड टेक्निकल इंजीनियर्स, जो जजों और दूसरे पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करता है, ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को 15 और सोमवार को दो न्यायाधीशों को बिना किसी कारण बर्खास्त कर दिया। संघ ने कहा कि ये जज अमेरिका के 10 राज्यों- कैलिफोर्निया, इलिनॉय, लुइसियाना, मैरीलैंड, मैसाचुसेट्स, न्यूयॉर्क, ओहायो, टेक्सास, यूटा और वर्जीनिया की अदालतों में कार्यरत थे।



### आव्रजन न्यायालयों में 35 लाख केस लंबित

आव्रजन न्यायालयों में करीब 35 लाख केस लंबित हैं। किसी केस का फैसला आने में कई साल लग सकते हैं, क्योंकि न्यायाधीश और वकील अक्सर किसी मामले के गुण-दोष के आधार पर अंतिम सुनवाई एक साल से भी ज्यादा समय के लिए निर्धारित करते हैं। आपराधिक न्यायालयों के विपरीत, आव्रजन अदालतों में प्रवासियों को सरकार की तरफ से वकील नहीं दिया जाता है। अगर वे वकील नहीं रख सकते, तो खुद ही अपना केस लड़ते हैं, और उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए अक्सर दुभाषिए की जरूरत होती है।

### संघ अध्यक्ष ने न्यायाधीशों की बर्खास्तगी को बेतुका बताया

संघ अध्यक्ष मैट बिग्स ने कहा, यह अपमानजनक और जनहित के खिलाफ है कि जब कांग्रेस ने 800 नए आव्रजन न्यायाधीशों को नियुक्त करने की अनुमति दी है, तब ट्रंप प्रशासन मौजूदा न्यायाधीशों को बिना कारण हटा रहा है। यह बेतुका है। इसका समाधान बर्खास्तगी बंद करके नियुक्ति शुरू करना है।

### न्याय विभाग ने बर्खास्तगी पर टिप्पणी करने से इनकार किया

न्यायाधीशों की बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई है, जब ट्रंप प्रशासन आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। आव्रजन न्यायालयों में पेश होने वाले प्रवासियों को अब कोर्ट के बाहर गिरफ्तार किया जा रहा है, जिससे डर का माहौल बन गया है। न्याय विभाग के अंतर्गत आने वाले आव्रजन समीक्षा कार्यकारी कार्यालय की एक प्रवक्ता, जो अदालतों की देखरेख करती है, ने एक ईमेल में कहा कि कार्यालय इन बर्खास्तगी पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

### वर्तमान में 600 आव्रजन न्यायाधीश कार्यरत

यूनियन का मानना है कि इन बर्खास्तगियों से अदालतों में काम की रफ्तार तेज नहीं होगी, बल्कि और भी केस लंबित हो जाएंगे। यूनियन ने कहा कि नए आव्रजन अदालती जजों की भर्ती, नियुक्ति और प्रशिक्षण में एक साल तक का समय लग सकता है। यूनियन के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में लगभग 600 आव्रजन न्यायाधीश कार्यरत हैं, और आव्रजन अदालतें न्याय विभाग के अधीन आती हैं।

### आव्रजन व्यवस्था को सुधारने के लिए पारित हुआ नया कानून

हाल ही में अमेरिका में एक नया कानून पारित हुआ है, जिसमें आव्रजन व्यवस्था को सुधारने के लिए 170 अरब डॉलर खर्च किए जाएंगे। इसमें से 3.3 अरब डॉलर आव्रजन न्यायालयों को दिए जाएंगे, ताकि 800 जजों की नियुक्ति और स्टाफ की भर्ती हो सके। लेकिन यूनियन का कहना है कि ट्रंप प्रशासन के आने के बाद से अब तक 103 से ज्यादा न्यायाधीशों को या तो बर्खास्त कर दिया गया है या उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया है।

## भिखारियों के विवाद में क्यूबा की मंत्री की छिन गई कुर्सी, भारी विरोध के बाद देना पड़ा इस्तीफा

**हवाना, एजेंसी।** क्यूबा में श्रम मंत्री ने भिखारियों को लेकर ऐसा बयान दे दिया कि पूरे देश में इसे लेकर हंगामा हो गया और आखिरकार मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। क्यूबा के राष्ट्रपति ने भी बयान की आलोचना की। विरोध इतना ज्यादा था कि राष्ट्रपति को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रम मंत्री के इस्तीफे की जानकारी देनी पड़ी। दरअसल श्रम मंत्री मार्ता एलेना फीतो केबरेरा ने अपने बयान में कहा कि देश में कोई भिखारी नहीं है और लोग सिर्फ भिखारी होने का दिखावा करते हैं।

मार्ता एलेना फीतो केबरेरा ने सोमवार को नेशनल असेंबली समिति के सामने कहा कि हमने लोगों को देखा है, जो भिखारी होते हैं, लेकिन अगर आप उनके हाथ या उनके कपड़े देखें तो ऐसा लगता है कि वे भिखारी होने का दिखावा कर रहे हैं। वे असल में भिखारी नहीं हैं। क्यूबा में कोई भी भिखारी नहीं है। उन्होंने ये भी दावा किया कि लोग भीख मांगकर शराब पीते हैं। फीतो का यह बयान वायरल हो गया और इसके खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। विरोध प्रदर्शनों में लोगों ने फीतो के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई करने की मांग की गई। भारी विरोध और दबाव के बीच फीतो ने श्रम मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनाल ने फीतो के बयान को असंवेदनशील करार दिया। दरअसल क्यूबा में आर्थिक हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। कुछ साल पहले तक क्यूबा में भिखारी दिखाई नहीं देते थे और लोग बेघर भी नहीं होते थे, लेकिन अब हालात ये हो गए हैं कि कई लोग, खासकर बुजुर्ग कूड़ा बीनते या फिर कांच साफ करते दिखाई देते हैं। सामाजिक सुरक्षा बेहद कम हो गई है और रिटायर होने के बाद लोगों को 2000 क्यूबा पेसो प्रति माह की पेंशन मिल पा रही है, जो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब 5 डॉलर ही होते हैं। इन पैसों से अंडे की एक कार्टन खरीदना भी मुश्किल है। जिन लोगों को परिजन विदेश में काम नहीं करते उनके लिए दो वक्त का खाना जुटाना भी मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि श्रम मंत्री के बयान पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि सरकार हालात को देख नहीं पा रही है और उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार आर्थिक हालात को सुधारने के लिए जल्द ही कड़े कदम उठाएगी।

### व्हाइट हाउस में सुरक्षा चूक, लॉकडाउन लगाया गया: किसी ने सेफ्टी फेंस के ऊपर से फोन फेंका

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस में मंगलवार को सुरक्षा चूक की वजह से लॉकडाउन लगाना पड़ा। दरअसल, किसी ने व्हाइट हाउस के सेफ्टी फेंस (सुरक्षा बाड़) के ऊपर से एक फोन फेंक दिया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने मीडिया को बताया- किसी ने बाड़ के ऊपर से अपना फोन फेंक दिया था। इसके तुरंत बाद जरूरी सुरक्षा कदम उठाए गए। आनन-फानन में पत्रकारों को जेम्स ब्रैडी ब्रीफिंग रूम में शिफ्ट करके पेनसिल्वेनिया एवेन्यू को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया। हालांकि, भारतीय समयानुसार रात 09: 26 बजे तक हालात सामान्य हो गए। व्हाइट हाउस ने अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया। घटना के वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस में थे और पेनसिल्वेनिया जाने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, इस घटना का उनके प्रोग्राम पर कोई असर नहीं पड़ा, और वे अपने तय समय पर पेनसिल्वेनिया रवाना हो गए। व्हाइट हाउस की सुरक्षा को लेकर हाल के सालों में घुसपैठ, साइबर हमले और गोपनीय जानकारी के लीक जैसे कई मामले सामने आए हैं।मार्च 2025- व्हाइट हाउस के सीनियर अधिकारियों ने गलती से सिग्नल ऐप पर एक पत्रकार को यमन में मिलिट्री हमलों की सीक्रेट प्लानिंग भेज दीं थी।

# नेतन्याहू के गठबंधन से निकली अहम सहयोगी पार्टी, सैन्य भर्ती कानून पर टकराव, खतरे में आ सकती है सरकार

**तेल अवीव , एजेंसी।** तेल अवीव इजराइल में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार को तगड़ा झटका लगा है। उनकी प्रमुख सहयोगी पार्टी यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) ने मंगलवार को सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। पार्टी ने कहा कि सैन्य सेवा से धार्मिक यहूदियों को छूट देने वाले बिल पर सहमति नहीं बनने के चलते यह कदम उठाया गया है। यूटीजे के अधिकांश समर्थक रूढ़िवादी यहूदी हैं और वे सैन्य सेवा से छूट की मांग करते रहे हैं। लेकिन गाजा युद्ध के चलते इजराइल में सैन्य बल की जरूरत बढ़ने से यह मुद्दा और विवादास्पद हो गया है। दरअसल, इजराइल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन में सरकार बनाने के लिए 61 सीटों का बहुमत चाहिए। वहीं, 7 सीटों वाले यूटीजे के साथ छोड़ने के चलते नेतान्याहू की अगुआई वाले गठबंधन के पास कुल 61 सीटें बची है। अगर एक भी सांसद साथ छोड़ता है तो सरकार खतरे में आ जाएगी।



### क्या है सेना भर्ती विवाद?

गाजा में जारी युद्ध के बाद से इजराइल सरकार ने सेना को और मजबूत करने के लिए देश के सभी नागरिकों के लिए सैन्य ट्रेनिंग और कुछ सालों के लिए सेना में काम आनिवार्य कर दिया है. इस कानून के अंदर येशिवा छात्रों को भी रखा गया है. येशिवा छात्र वह छात्र हैं, जो दुनिया के कामों से दूर रहकर धर्म की पढ़ाई करते हैं.

### गठबंधन छोड़ने की वजह

डेगेल हाटोरा ने एक बयान में कहा कि अपने प्रमुख रब्बियों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद और पवित्र येशिवा छात्रों, जो लगन से अपने अध्ययन में लगे हुए हैं, की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से अपनी प्रतिबद्धताओं के बार-बार उल्लंघन के बादज गठबंधन और सरकार से अपने इस्तीफे की घोषणा की है.

अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों ने तर्क दिया है कि येशिवा छात्रों को छूट देने वाला विधेयक 2022 में बने गठबंधन में शामिल होने के उनके समझौते में एक प्रमुख वादा था. गोल्डकनॉफ़ के प्रवक्ता ने साफ किया कि यूनाइटेड तोरा यहूदी धर्म के कुल सात नेसेट सदस्य सरकार छोड़ रहे हैं. बता दें कि फार-राइट [illegible] लंबे समय से सैन्य भर्ती विधेयक के मुद्दे पर गठबंधन छोड़ने की धमकी दे रहे हैं.

# इमरान खान जेल में बंद और पूर्व पत्नी रेहम खान ने बनाई नई पार्टी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बीते दो सालों से जेल में बंद हैं। इस बीच उनकी पूर्व पत्नी रेहम खान ने एक नए राजनीतिक दल का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को रेहम खान ने कराची के प्रेस क्लब में नए राजनीतिक दल का ऐलान किया और उसका नाम भी बताा। इस दल का नाम होगा- पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी। रेहम खान ने कहा कि यह एक दल नहीं बल्कि आंदोलन है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सही लोग संसद और विधानसभा में पहुंचें। रेहम खान ने कहा कि हम कानून सुधार के लिए लड़ेंगे ताकि लोगों को सीधे फायदा हो। हमारी लड़ाई महिलाओं और किसानों के लिए होगी। हम चाहेंगे कि पाकिस्तान में ऐसी नीतियां बनें जो आम लोगों को फायदां पहुंचाएं।



रेहम खान के विदेश में रहने का मुद्दा भी पत्रकारों ने उठाया। इस पर रेहम खान ने कहा कि पूरा पाकिस्तान ही मेरा घर और निर्वाचन क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि मेरा आंदोलन कोई राजनीतिक नहीं है बल्कि समाज में सुधार का है। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के लोगों में फिर से उम्मीद, गरिमा और सम्मान का भाव जगे। हम चाहते हैं कि आम लोग भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर सकें। रेहम खान ने कहा कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार में प्रशासन ठीक से नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां हर काम तब होता है, जब लोग परेशान हो जाते हैं और सड़कों पर उतर आते हैं।

रेहम खान इमरान खान की दूसरी पत्नी थीं। दोनों की शादी 2014 में हुई थी, लेकिन 10 महीने ही साथ रह सके और तलाक हो गया। 2018 में रेहम खान ने अपनी आत्मकथा भी लिखी थी।

इस पुस्तक में उन्होंने इमरान खान से शादी और रिलेशनशिप को लेकर विस्तार से लिखा था। रेहम खान खुद भी पाकिस्तानी मूल की हैं और पश्तून परिवार से ताल्लुक रखती हैं। लेकिन उनका जन्म लीबिया में हुआ था। उनका परिवार लंबे अरसे से पाकिस्तान से दूर रहा है और वह भी सालों तक लंदन में रही हैं। यहां वह बीबीसी में पत्रकार थीं।

# आसिम मुनीर के राष्ट्रपति बनने की तैयारी? शहबाज शरीफ से मिले, अटकलें तेज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बड़े सियासी बदलाव की अटकलें हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ सेना प्रमुख आसिम मुनीर और राष्ट्रपति आसिफ जरदारी की मुलाकात ने चर्चाएं और बढ़ा दी हैं। कहा जा रहा था कि मुनीर राष्ट्रपति पद पर जरदारी की जगह ले सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पाकिस्तान सरकार के मंत्री भी इन्हें खारिज कर रहे हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को राष्ट्रपति आवास में पीएम शरीफ ने जरदारी से मुलाकात की। इसके कुछ देर पहले ही मुनीर पीएम आवास पर पहुंचे और शरीफ से मीटिंग की। मंगलवार शाम हुई एक के बाद एक उच्च स्तरीय बैठक ने राष्ट्रपति बदलने की अटकलों को हवा दे दी है।

अखबार से बातचीत में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि राष्ट्रपति के इस्तीफे और उनकी जगह सेना प्रमुख के लेने का मुद्दा राष्ट्रपति जरदारी और पीएम शहबाज की मीटिंग में उठा जरूर था, लेकिन उन्होंने ऐसी सभी खबरों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि ये अटकलें एक मीडिया स्टोरी के बाद सामने लगने लगी थी, जिसे बाद में संभवतः वापस ले लिया था।

आसिफ ने सभी अटकलों को खारिज किया है और कहा है कि राष्ट्रपति जरदारी को सभी घटनाक्रमों की



जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने सरकार और मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में पूरा भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति इस मुद्दे से अवगत हैं और सरकार में पूरा भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि पीएम ने राष्ट्रपति को अपुष्ट खबरों और घटनाक्रमों से अवगत कराया है।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि पीएम की अगुवाई वाली प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रपति से मिलने से पहले शहबाज शरीफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा के लिए हफ्ते में तीन बार मुलाकात करते हैं। आसिफ ने कहा, सेना प्रमुख को राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

# गाजा में बढ़ रहा कुपोषण, संयुक्त राष्ट्र की दूत ने नरसंहार रोकने के लिए किया वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

**बोगोटा, एजेंसी।** गाजा में इस्राइल के हमलों और खाद्य आपूर्ति पर लगाए प्रतिबंधों ने हालात बिगाड़ दिए हैं। खाद्य आपूर्ति बंद होने से गाजा पट्टी में बच्चों में कुपोषण की दर दोगुनी हो गई है। वहीं गाजा में संयुक्त राष्ट्र की दूत ने दुनियाभर के देशों से नरसंहार को रोकने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। उधर, गाजा में हुए नए इस्राइली हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 90 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं।

**20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी भुखमरी से जूझ रहे :** मार्च में इस्राइल के हमले फिर से शुरू होने और गाजा में सभी खाद्य और अन्य आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के बाद से 20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी भुखमरी से जूझ रहे हैं। यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि उसने जून में अपने क्लीनिकों में पांच साल से कम उम्र के लगभग 16,000 बच्चों की जांच की। इसमें पाया कि उनमें से 10.2 प्रतिशत गंभीर रूप से कुपोषित थे। जबकि मार्च में 15,000 बच्चों में से 5.5 प्रतिशत कुपोषित मिले। यूनिसेफ ने भी कहा कि कुपोषण के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस



सप्ताह उसके क्लीनिकों ने जून में बच्चों में कुपोषण के 5,870 मामले दर्ज किए, जो लगातार चौथे महीने की वृद्धि है और फ़रवरी में दर्ज लगभग 2,000 मामलों से दोगुने से भी ज्यादा है।

**हमास के सदस्य की मौत :** गाजा में शरणार्थी शिविर पर हुए एक हमले में फलस्तीनी विधायिका के 68 वर्षीय हमास सदस्य मोहम्मद फराज अल-घोल की मौत हो गई। जबकि एक पुरुष, एक महिला और उनके छह बच्चे भी मारे गए। शिफा अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार शाम गाजा शहर के तेल अल-हवा जिले में एक घर पर हुए सबसे घातक हमलों में एक परिवार के 19 सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में इस्राइली हमलों में मारे गए 93 लोगों के शव गाजा के अस्पतालों में लाए गए हैं। जबकि 278 लोग घायल भी हैं।

**हर देश करे इस्राइल के साथ संबंधों की समीक्षा: अल्बानीज :** गाजा में संयुक्त राष्ट्र की दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कोलंबिया की राजधानी में 30 देशों के प्रतिनिधियों से बात की। कई प्रतिभागी देशों ने इस हिंसा को फलस्तीनियों के विरुद्ध नरसंहार बताया है। अल्बानीज़ ने कहा कि हर देश को तुरंत इस्राइल के साथ सभी संबंधों की समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें निलंबित करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका निजी क्षेत्र भी ऐसा ही करे। इस्राइली अर्थव्यवस्था इस कब्जे को बनाए रखने के लिए बनी है जो अब नरसंहार में बदल गया है।इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता दक्षिण अफ्रीका और कोलंबिया ने की है। इसमें हेग समूह के सदस्य भी भाग ले रहे हैं, जो आठ देशों का एक गठबंधन है, जिसने हाल ही मेंइस्राइल के साथ सैन्य संबंध समाप्त करने तथा नेतन्याहू के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के गिरफ्तारी वारंट का अनुपालन करने का वचन दिया था।

सम्मेलन में देशों ने कहा है कि वे पिछले साल जारी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के उस फैसले का पालन करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें कहा गया था कि फलस्तीनी क्षेत्रों पर इस्राइल का कब्जा अवैध है। दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रवक्ता क्रिसपिन फिरी ने कहा कि यह जरूरी है कि हम सार्थक तरीके से कानून के शासन के लिए खड़े हों। यह विचार कि अंतरराष्ट्रीय कानून केवल वैश्विक दक्षिण के देशों पर ही लागू किया जा सकता है, अब टिकाऊ नहीं रह गया है।

# सावन में शिवभक्तों के स्वागत के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार: सीएम रेखा गुप्ता

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

हमारी टीम के अथक प्रयासों से हर शिविर में साफ-सफाई, स्वास्थ्य, पेयजल, चिकित्सा सहायता, लाइट, सुरक्षा और भोजन जैसी तमाम जरूरी व्यवस्थाएँ दुरुस्त की गई हैं। मुख्यमंत्री ने सावन माह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा देश की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा का गौरवशाली प्रतीक है और दिल्ली सरकार इसका सम्मान करती है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर श्रद्धालु को सुलभ, सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा अनुभव मिले।मुख्यमंत्री ने शिविर में मौजूद स्वयंसेवकों और कर्मचारियों की सराहना की और दिल्लीवासियों से अपील की कि वे कांवड़ यात्रियों का स्वागत खुले दिल से करें और उन्हें हरसंभव सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांवड़ समिति के चेयरमैन कपिल मिश्रा सहित विभिन्न समितियों और संगठनों से यह सुझाव मिला है कि सहायता राशि को और थोड़ा बढ़ाया जाए, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। दिल्ली सरकार इस सुझाव को गंभीरता से ले रही है और शिविरों की हरसंभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रवेश साहिब सिंह और मंजीन्दर सिंह सिरसा ने फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

साथ ही यह सुनिश्चित करने की बात कही कि जनहित को ध्यान में रखकर हर स्तर पर जवाबदेही बनी रहे। वर्षों से जारी ट्रैफिक की चुनौती को हल करने की यह कोशिश अब एक ठोस दिशा में आगे बढ़ रही है — जिससे दिल्ली के नागरिकों को सुरक्षित, तेज़ और प्रदूषण-मुक्त यात्रा का अनुभव मिल सकेगा।

# औद्योगिक प्रधान जनपद के रूप में भी विकसित होगा चंदौली: सीएम योगी

**कौमी पत्रिका**

चंदौली, 17 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समीक्षा बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि चंदौली यूपी का कृषि प्रधान व सीमावर्ती जनपद है। चंदौली औद्योगिक प्रधान जनपद के रूप में भी विकसित होगा। डबल इंजन की सरकार ने जनपद के विकास के लिए पहले से ही अनेक कार्यक्रम आगे बढ़ाए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप वाराणसी का रिंग रोड चंदौली होते हुए विकास की धुरी बन गया है। बाबा कीनाराम की स्मृति में बना मेडिकल कॉलेज गत वर्ष संचालित भी हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया है। यहां वर्षों से जनपद कोर्ट के निर्माण की मांग की जा रही थी। यहां 200 करोड़ से अधिक की लागत का इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स दे रहे हैं। इसमें एक छत के नीचे सभी जिला स्तरीय कोर्ट बनेंगे। साथ ही अधिवक्ता चैंबर व न्यायिक अधिकारियों की आवासीय सुविधा भी कैंपस में रहेगी। राज्य सरकार के स्तर पर पहले ही इसकी स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बॉर्डर क्षेत्र की अपनी चुनौतियां हैं। जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों व आमजन ने योगदान दिया है। जनपद तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। सीएम ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लखनऊ से गाजीपुर तक पहले ही आ चुका है, लोग इसका लाभ भी ले रहे हैं। इसे चंदौली होते हुए सोनभद्र (शक्तिनगर) तक पहुंचाने की कार्रवाई को हम लोगों ने सैद्धांतिक सहमति दी गई है। इसके सर्वे के कार्यक्रम चल रहे हैं, फिर इसे आगे भी बढ़ाएंगे। इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से चंदौली की कनेक्टिविटी लखनऊ व दिल्ली से होगी। सीएम योगी ने कहा कि चंदौली को गंगा एक्सप्रेसवे का भी लाभ मिलेगा। यह मेरठ से प्रयागराज के बीच निर्माण के अंतिम चरण में है। इसे प्रयागराज से मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर तक मिलाने की कार्रवाई होगी। जनपद के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। चंदौली दो एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ेगा। इसका व्यापक लाभ चंदौलीवासियों को मिलेगा। सीएम ने कहा कि भारत सरकार के स्तर से चंदौली के अंदर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण वाराणसी से कोलकाता के बीच युद्धस्तर पर चल रहा है। आने वाले समय में इसका लाभ भी



प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में बाबा कीनाराम की मूर्ति की स्थापना को सहमति दी गई। यहां के विकास से जुड़े प्रस्तावों की भी चर्चा हुई। गंगा नदी में अतिरिक्त पुल, दीनदयाल उपाध्याय नगर में एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण के भी प्रस्ताव मांगे गए हैं। जनप्रतिनिधियों ने राजकीय डिग्री कॉलेज में साइंस आदि की कक्षाएं चलाने की मांग की है, जिसका प्रस्ताव मांगा गया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में चंदौली विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। सीएम ने कहा कि जिला हर क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौगढ़ क्षेत्र में व्यापक लैंडबैंक के माध्यम से निवेश के प्रस्ताव को आमंत्रित कर सकें, प्रशासन से इस अभियान को गति देने के लिए कहा गया है। इसके माध्यम से चंदौली में हजारों करोड़ का निवेश आ सकता है और हजारों नौजवानों के लिए नौकरी की नई संभावनाएं बन सकती हैं। देश की तमाम बड़ी-बड़ी कंपनियों ने इसमें रूचि दिखाई है, जो विकास की धुरी बनेगी। चंदौली कृषि प्रधान के साथ औद्योगिक प्रधान जनपद के रूप में विकसित हो, इस मंशा के साथ यह कार्य किया जा रहा है।

# केंद्र सरकार की रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना से युवाओं को मिलेगा बड़ा लाभ: राव नरबीर सिंह

चंडीगढ़। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन स्कीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना राज्य के एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों में रोजगार पाने वाले नए कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। राव नरबीर सिंह आज केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा राज्यों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग ले रहे थे। वे हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ से इस वर्चुअल बैठक में जुड़े। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई, 2025 को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इस योजना को मंजूरी दी गई है। योजना का उद्देश्य रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना और पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्यक्ष लाभ देना है। इसके लिए प्रारंभिक चरण में 99,446 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और आने वाले दो वर्षों में देशभर में 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना आगामी 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 तक प्रभावी रहेगी। पहली बार रोजगार में आने वाले 15 हजार रुपये तक मासिक वेतन वाले कर्मचारियों को दो किस्तों में सरकार की ओर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। बशर्ते कि कर्मचारी कम से कम छह महीने नियोक्ता के पास रोल पर रहे। इसी प्रकार नियोक्ता को दस हजार रुपये तक की सैलरी पर एक हजार रुपये मासिक, दस हजार रुपये से अधिक व बीस हजार रुपये तक दो हजार रुपये मासिक तथा बीस हजार रुपये से अधिक व एक लाख रुपये तक की सैलरी पर तीन हजार रुपये तक मासिक सहायता दी जाएगी। मंत्री ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के नियोक्ताओं को भी सहयोग देना है।


**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I DHIRENDER KUMAR S/O KAMLA PRASAD R/O C-64, NEW SEEMA-PURI, PO JHILMIL, DIST EAST DELHI, DELHI-110095 declare that name of mine has been wrongly written as DHARMENDRA in my minor son's namely UMANG aged 13 years in his school record. The actual name of mine is DHIREN-DER KUMAR which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I KANHAIYA PRASAD S/O RAJ NARAYAN SAH R/O 15 GALI NO 01 GUPTA ENCLAVE VIKAS NAGAR UTTAM NAGAR DELHI 110059 HAVE CHANGED NAME TO KAN-HAIYA PRASAD GUPTA

**NAME CHANGE**

I, Naveen Bhasin S/O Suraj Prakash Bhasin R/O A1/67, 4th floor Sushant lok-2, Behind orchid the international school Sector-55, Gurgaon Haryana-122011 Have changed my name to Naveen Kumar Bhasin for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Anender Kumar S/O Shishu Pal Singh R/O House no-254 A, Gali-11, Ashok Vihar Phase-3Gurgaon Haryana-122001 Have changed my name to Anendra Kumar Chauhan for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती हेमलता पत्नी श्री ब्रजेश कुमार, पुत्री तुरसी, निवासी 30/37, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली 110032 एवं 134/6, सेकंड फ्लोर, लोधी मोहल्ला, फर्श बाजार, शाहदरा, दिल्ली 110032, एक आवासीय प्रथम तल, छत अधिकार रहित, प्रॉपर्टी संख्या 3/147, क्षेत्रफल 75 वर्ग गज, खसरा संख्या 642, स्थित गली गंगा राम, छोटा बाजार, ग्राम चंद्रावली उर्फ शाहदरा, दिल्ली, के मालिक व काबिज बिक्री पत्र दिनांक 11.04.2023, क्रमांक 3494, बुक संख्या 1, सब रजिस्ट्रार 4बी, विवेक विहार, दिल्ली, द्वारा मालिक व काबिज है। कथित संपत्ति भार मुक्त है, न किसी प्राधिकरण द्वारा अधिगृहित है न ही कोई मामला किसी न्यायालय मे लंबित है। उपरोक्त कथित प्रॉपर्टी का पूर्व का दस्तावेज आरिजनल हक त्याग पत्र दिनांक 24.03.2023, क्रमांक 2850 कही खो गया, जिसके बावत खोने की रपट ऑनलाइन थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली मे, एल आर नंबर 2962959/2025, दिनांक 30.06.2025, को दर्ज है। मेरे मुव्विकल श्रीमती हेमलता उक्त फ्लेट को गिरवी रखकर ऋण ले रही हैं जो आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0, शाखा निठारी, सेक्टर 31, नोएडा, उत्तरप्रदेश, के द्वारा फाइनेन्स किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित दस्तावेज मिले या कथित सम्पत्ति के सबंध में कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरी या आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 के समक्ष इस प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति उचित कागजात के साथ रखे / संपर्क करे, अन्यथा कथित सम्पत्ति के संबंध में दावा अवैध व व्यर्थ माना जायेगा।

**रूपेश कुमार रौशन अधिवक्ता**
डी-803, नन्दग्राम,
गाजियाबाद, उ0 प्र0 201003
roushan.rupesh@gmail.com

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Arnav Sigh alias Utkarsh S/o Manoj Kumar Singh R/o Flat No 4, Fourth Floor, 10/20, Sec 3, Rajendra Nagar, Ghaziabad, Lajpat Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201005 have changed my name and shall hereafter be known as Avyukt Kumar.

**NAME CHANGE**

I, Tempal Singh S/O Deshraj Singh R/O House No-02, Sahaberi Chiiyana, Shah Beri, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201009 have changed the name of my minor daughter Ansel Kumari aged 17 years and she shall hereafter be known as Anshal Kumari.

**NAME CHANGE**

I, MOHAMMED AKRAM S/O MOHD FAZIL residing at KHASRA NO 38/2/2, GALI NO 4 NEAR RENU HEALTH CARE SANGAM VIHAR DELHI 110084 have changed my name to MOHD AKRAM for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, YASMIN BEE W/O MOHD YASIN residing at A-12/93 DDA FLATS INDER LOK DELHI - 110035 have changed my name to YASMEEN BI for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, MUSKAN GANDDHI Wife of No. 2507415M Rank-HAV Name-GAGANDEEP SINGH Presently residing at VPO-BAJAKHANA, TEH-JAITU, DIST-FARIDKOT, PUNJAB-151205, have changed my name from MUSKAN GANDDHI and MUSKAN GANDHI for all future purposes vide Affidavit dated 17/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**DATE OF BIRTH CHANGE**

इससे पहले खबर आई थी कि भाजपा अपने इतिहास में पहली बार किसी महिला नेता के हाथों में पार्टी की कमान सौंप सकती है। उनमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का नाम प्रमुख था। इसके अलावा दो और केंद्रीय मंत्रियों के नाम इस रेस में थे, जनमें मनोहर लाल खट्टर और शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के चयन के साथ-साथ भाजपा के लिए देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के अगले प्रदेश अध्यक्ष के नाम की भी चुनौती बनी हुई है। सूत्रों का कहना है कि यूपी में भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति पर भी अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के बीच सहमति नहीं बन सकी है। भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भेजा गया था। दोनों ही नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। आरएसएस का मानना है कि भाजपा को 2029 के बाद के युग के लिए तैयार करना जरूरी है। संघ भाजपा के लिए अगली और एक नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है। आरएसएस चाहता है कि भाजपा को एक रबर स्टांप अध्यक्ष की जगह एक मजबूत नेतृत्व मिले जिसे पार्टी के कार्यकर्ता भी पसंद करते हों। वह नरेंद्र मोदी के बाद भाजपा को संभालने में सक्षम हो। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, आरएसएस और भाजपा के वर्तमान नेतृत्व के बीच तीन दौर की बैठकों के बाद भी सहमति नहीं बनी है। आगे और चर्चा होनी है।

## पहलगाम हमले के आंतकियों की हुई पहचान...जल्द ही उन्हें मार गिरा दिया जाएगा: उपराज्यपाल सिन्हा



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों की पहचान हो गई है और जल्द ही उन्हें मार गिरा दिया जाएगा। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि कश्मीर घाटी में शांति भंग करने की कोई भी कोशिश कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के द्वारा पाकिस्तान को कड़ी प्रतिक्रिया मिली। हमले को अंजाम देने वालों की पहचान कर ली गई है और मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अब उनका जिंदा रहना मुश्किल है। बहुज जल्द अच्छी खबरें जरूर आएगी, लेकिन कोई निश्चित तारीख बताना अभी उचित नहीं होगा। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि पिछले पांच साल में विभिन्न आतंकवादी संगठनों के शीर्ष आका भी अब जिंदा नहीं रहे और उनका (आतंकियों का) भी यही हश्र होगा।

बता दें कि पिछले दिनों एक साक्षात्कार में सिन्हा ने कहा था कि वे पहलगाम हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देकर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उपराज्यपाल सिन्हा ने देर से ही सही, लेकिन आखिरकार स्वीकार किया कि पहलगाम हमले के लिए खुफिया विफलता जिम्मेदार थी। उन्होंने इस आतंकवादी हमले के सिलसिले में जिम्मेदारी तय करने का आह्वान किया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। उमर ने कहा, 80 दिन बाद ही सही, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। हमने यह (पहले) नहीं कहा, जबकि हम जानते थे कि इतना बड़ा हमला (खुफिया) विफलता के बिना नहीं हो सकता।

## महाराष्ट्र विधानसभा में हनीट्रैप प्रकरण को लेकर विपक्ष हमलावार... उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कार्रवाई का भरोसा दिया



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को तथाकथित हनीट्रैप प्रकरण को लेकर हंगामा मच गया है। महाराष्ट्र सरकार पर कार्रवाई न करने और मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाकर विपक्षी दलों ने विधानसभा से वॉकआउट किया। यह मुद्दा सबसे पहले कांग्रेस नेता नाना पटोले ने उठाया। उन्होंने इस गंभीर मामले की जांच और ठोस कार्रवाई की मांग की थी। बीतों दिन विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने फडणवीस सरकार को निर्देश दिया था कि इस पर उचित कार्रवाई कर सदन को जवाब दिया जाए।

कांग्रेस नेता पटोले ने गुरुवार को फिर से मामले को उठाया। उनकी मांग का एनसीपी-एसपी नेता जयंत पाटिल और शिवसेना (उद्धव गुट) के विधायक भास्कर जाधव ने समर्थन किया। इसके बाद अध्यक्ष नार्वेकर ने सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए कि शुक्रवार को अधिवेशन के समाप्त होने से पहले मुद्दे पर कार्रवाई कर सदन को जानकारी दी जाए। इस पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सहमति जताकर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

हालांकि, विपक्ष का कहना है कि सरकार इस संवेदनशील विषय को लेकर ढीलापन दिखा रही है और जनता के साथ न्याय नहीं कर रही है। इन आरोपों के बाद विपक्षी विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

दरअसल, कुछ दिन पहले महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में उच्च पदस्थ अधिकारियों और पूर्व मंत्रियों को कथित तौर पर हनीट्रैप में फंसाने का मामला आया था। यह खुलासा तब हुआ, जब कुछ अधिकारियों की ओर से पुलिस में शिकायतें दी गईं। दावा है कि उच्च पदस्थ अधिकारियों को हनीट्रैप में फंसाकर उनसे रंगदारी वसूलने की कोशिश की गई थी।

## एडवाइजरी: ईरान में गैर-जरूरी यात्रा से बचें भारतीय नागरिक, निकलने के लिए सेवाएं मौजूद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य-पूर्व में बने हुए तनाव के बीच भारत ने ईरान में अपने नागरिकों के लिए एक जरूरी परामर्श जारी किया है। जिसमें उन्हें उभरते हुए हालातों को देखते हुए ईरान में किसी भी प्रकार की गैर-आवश्यक यात्रा न करने की सलाह दी गई है। यह जानकारी ईरान में भारतीय दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें कहा गया है कि बीते कुछ सप्ताहों से बने हुए सुरक्षा घटनाक्रमों के बीच भारतीय नागरिक ईरान में अपनी तमाम गैर-जरूरी यात्राओं से बचें और लगातार क्षेत्रीय गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। इसके अलावा ईरान में किसी भी यात्रा से पहले भारतीय अधिकारियों-प्राधिकारियों द्वारा जारी किए जाने वाले अपडेटेड परामर्श पर ध्यान दें। मालूम हो कि दूतावास का यह परामर्श इजरायल-ईरान युद्ध से जुड़ा हुआ है। जिसमें अभी फिलहाल दोनों देशों के बीच युद्धविराम लागू (13 जून 2025 से) है। लेकिन क्षेत्र में हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। इसलिए ये कहना मुश्किल है कि युद्ध के बीच बनी हुई यह अस्थायी शांति कब तक कायम रहेगी। दोनों देशों के मध्य तनाव के बीच भारत ने बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या के समाधान पर जोर दिया है।

दूतावास के मुताबिक, ईरान में मौजूद भारत के नागरिक अगर इस संवेदनशील परिस्थिति के बीच वहां से बाहर निकलना चाहते हैं। तो उनके लिए वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं के साथ ही नौका सेवा का विकल्प भी मौजूद है। ईरान में भारतीयों की कुल संख्या करीब 10 हजार है। जिसमें मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों की तादाद अधिक है। वहीं, मौजूदा तनाव के बीच भारत ने ऑपरेशन सिंधु के जरिए बीते समय में 800 से अधिक भारतीयों की ईरान से सुरक्षित स्वदेश वापसी कराई है। यह अभियान फिलहाल जारी है, भारत की ईरान के समूचे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनी हुई है। पिछले मंगलवार को चीन के तियानजिन में आयोजित किए गए शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों की एक मुलाकात भी हुई थी। जिसे लेकर डॉ.जयशंकर ने प्रसन्नता जाहिर की थी। ऑपरेशन सिंधु के दौरान भारत को ईरान का पूरा सहयोग मिला था और उसने भारत के नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए अपनी हवाई सीमा-क्षेत्र भी खोल दिया था। जिसे इजरायल के साथ युद्ध की वजह से बंद कर दिया गया था।

## हरियाणा में 12 घंटे में दो बार आया भूकंप, नुकसान की सूचना नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** चंडीगढ़,(ईएमएस)। हरियाणा में गुरुवार दोपहर भूकंप आया। इसका केंद्र झज्जर जिले के गांव दुल्हेड़ा के पास था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई। इससे पहले रोहतक में बुधवार-गुरुवार देर रात 12:46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके लगते ही लोगों की नींद खुल गई और वह घरों से बाहर आ गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन रात भर डर का माहौल था।

जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। इस भूकंप से जमीन के 10 किलोमीटर नीचे गहराई में हलचल हुई। इसका केंद्र रोहतक का गांव भालौठ के नजदीक का क्षेत्र था। प्रदेश में पिछले 20 दिन में पांच बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के लिहाज से हरियाणा में 12 जिले संवेदनशील हैं। इनमें



रोहतक, पानीपत, करनाल, महेंद्रगढ़, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, गुरुग्राम, झज्जर, नूंह, पलवल और फरीदाबाद शामिल हैं।

बत दें महेंद्रगढ़ जिले में 27 जून की शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक उस दिन भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई। जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। 10 जुलाई को सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर भूकंप आया था। करीब 10 सेकेंड तक झटके लगे थे। इसका केंद्र झज्जर था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.4 थी। भूकंप के झटके गुरुग्राम, रोहतक, पानीपत, झज्जर, हिसार, रेवाड़ी में महसूस किए गए थे।

वहीं 11 जुलाई को शाम 7 बजकर 49 मिनट पर झटके लगे। इसका केंद्र भी झज्जर रहा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.7 रही, जिसका असर गुरुग्राम, रोहतक, जींद, रेवाड़ी, सोनीपत और झज्जर में दिखा। 16-17 जुलाई की रात 12.46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र रोहतक रहा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। इसमें किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। वहीं आज यानी गुरुवार को दोपहर 12:34 बजे भूकंप आया। इसका केंद्र झज्जर में रहा। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई। इसका केंद्र 5 किलोमीटर की गहराई में था।

## धर्मांतरण की जड़ों की तलाश: ईडी ने उप्र से मुंबई तक छांगुर बाबा के 14 ठिकानों पर मारे छापे

**मुंबई (एजेंसी)।** अवैध धर्मांतरण के आरोप में फंसे यूपी के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की मुश्किल और बढ़ती जा रही हैं। बाबा की करतूतों की जड़े कहां-कहां फैली हैं फिलहाल अंदाजा लगाना कठिन है। ऐसी ही तलाशी को लेकर बाबा के ठिकानों पर गुरुवार तड़के ईडी ने बड़ी कार्रवाई की। सात टीमों ने बलरामपुर जिले के उतरोला और मुंबई में दो स्थानों पर छापा मारा। इस दौरान उसकी कोठी दो अन्य मकान का कोना कोना खंगाला। टीम दोपहर में तहसील भी जाएगी और कई कर्मचारियों से पूछताछ करेगी। एटीएस ने पांच जुलाई को छागुर और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया था। एक साल में 100 करोड़ के लेनदेन की बात सामने आई थी।

इस पर तीन दिन बाद ईडी ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बलरामपुर पुलिस और प्रशासन के साथ एटीएस से काफी ब्योरा ईडी ने लिया था। कई तथ्य और दस्तावेज मिलने के बाद ईडी ने ये छापेमारी की है। ईडी की ये कार्रवाई अन्य जिलो में भी होगी। सूत्रो के मुताबिक ईडी उतरौला तहसील के कुछ कर्मचारियों के खिलाफ़ भी बड़ी कार्रवाई कर सकती है। वहीं धर्मांतरण के आरोपी छांगुर से जुड़े प्रकरण में एक युवक की तलाश में एटीएस गोण्डा पहुंच गई। यहां पता चला कि इस युवक की मौत हो चुकी है। उसके बारे में कई जानकारियां जुटाई। इन लोगों ने बताया कि गोण्डा में धर्मांतरण कराने के दौरान बजरंग दल के कुछ लोगों ने विवाद कर दिया था तब वह जेल गया था। धानेपुर इलाके के रेतवागाड़ा गांव के रहने वाले मोहर्रम अली उर्फ आजाद ने बताया कि वह कव्वाली और जागरण करते थे। उनके बड़े भाई रमजान अली ढोल बजाते थे। वर्ष 2023 में रमजान उतरौला के कुछ लोगों के साथ आजमगढ़ में एक कार्यक्रम में गये थे। वहां रात में प्रोग्राम के दौरान बजरंग दल के कुछ लोग पुलिस के साथ आ गए। इन लोगों ने आयोजन में धर्मांतरण कराने का आरोप



लगाकर हंगामा किया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनके भाई को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया। आठ महीने तक वह जेल में रहा। तीन जनवरी 2024 को जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद उसकी तबीयत खराब रहने लगी और चार मार्च, 2024 को मौत हो गई थी। छांगुर के मददगारों की तलाश के दौरान रमजान का नाम भी एटीएस के सामने आया। एटीएस का कहना है कि रमजान नाम के एक शिक्षक की तलाश में गई थी।

## भारत आ रहा हवाई टैंक अपाचे... इस सप्ताह से शुरु होगी डिलेवरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका से अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों की डिलिवरी इसी सप्ताह से शुरु होने जा रही है। पहली खेप के तहत कुल तीन अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने हैं, जो रात के अंधेरे में भी टारगेट को खोजने और मार करने में सक्षम है। अमेरिकी सेना में लंबे समय से तैनात इन हेलिकॉप्टरों की काफी डिमांड रही है। अब तक करीब 20 देशों को अमेरिका की ओर से इन हेलिकॉप्टरों की डिलिवरी कर चुका है। सूत्रों के अनुसार भारत इन हेलिकॉप्टरों को पाकिस्तान से लगती सीमा पर तैनात करने की तैयारी में है। 2 जुलाई को ही खबर आई थी कि इन हेलिकॉप्टरों की डिलिवरी का इंतजार खत्म होगा और इसी महीने ये भारत आ सकते हैं।

इन अपाचे हेलिकॉप्टरों को हवाई टैंक भी कहा जाता है। अमेरिका से आने वाले एएच-64ईएस अपाचे हेलिकॉप्टरों की लैंडिंग गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर होगी। भारतीय सेना की ओर से इन हेलिकॉप्टरों के लिए अलग से बेड़ा पहले ही तैयार कर लिया है। जोधपुर में 15 महीने पहले ही इसकी शुरुआत हो चुकी है। लेकिन हेलिकॉप्टरों की डिलिवरी अटक गई थी। इसकी वजह थी कि दुनिया के भू-राजनीतिक समीकरण बदल गए और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भी ट्रेड टैरिफ आदि में व्यस्त था। बता दें कि पहले ही इंडियन एयरफोर्स के पास दो स्क्वैड्रन पठानकोट और जोरहाट में सक्रिय हैं।

बता दें कि 2015 में भी भारत सरकार ने 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों की डील अमेरिका से की थी। उस ऑर्डर की पूरी डिलिवरी अमेरिका की ओर से जुलाई 2020 में की गई थी। इसके बाद 2020 में भारत ने 6 हेलिकॉप्टर और खरीदने की डील की थी। इसके तहत पहली खेप की डिलिवरी मई से जून 2024 के बीच होनी थी। लेकिन इसमें देरी होती गई। बता दें कि अमेरिकी कंपनी बोइंग और टाटा की ओर से भी एक जॉइंट वेंटर हैदराबाद में चल रहा है। यहां तैयार किया गया एक अपाचे हेलिकॉप्टर 2023 में भारतीय सेना को मिला था। इस हेलिकॉप्टर की खासियत यह है कि अंधेरे में भी यह अटैक कर सकता है। इसके अलावा किसी भी मौसम में यह सटीक डेटा हासिल कर सकता है। इन हेलिकॉप्टरों में नाइट विजन नेविगेशन सिस्टम है। इसके माध्यम से रात के अंधेरे में भी टारगेट की तलाश की जा सकती है। बता दें कि अपाचे हेलिकॉप्टरों को ना सिर्फ आक्रमण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है बल्कि इन्हें सुरक्षा और शांति ऑपरेशनों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है।



# एक्सिस म्युचुअल फंड ने 'एक्सिस रिटायरमेंट सेविंग्स फंड' लॉन्च किया

भारत की अग्रणी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों में से एक, एक्सिस म्युचुअल फंड ने अपना नया फंड-'एक्सिस रिटायरमेंट सेविंग्स फंड' लॉन्च किया। यह फंड ओपन-एंडेड रिटायरमेंट समाधान-आधारित स्कीम है, जिसकी लॉक-इन अवधि 5 वर्ष या रिटायरमेंट की उम्र (जो भी पहले हो) तक है। इस नए फंड ऑफर (एनएफओ) को 29 नवंबर, 2019 से 13 दिसंबर, 2019 तक सब्सक्राइब किया जा सकेगा। रिटायरमेंट की प्लानिंग देश के कामकाजी आयुवर्ग वालों के लिए धीरे-धीरे एक प्रमुख समस्या बनती जा रही है, चूंकि उनके पास रिटायरमेंट के बाद लंबी जिंदगी जीने की चुनौती होती है। औपचारिक सामाजिक सुरक्षा और बदलती परंपरागत सहायक पारिवारिक संरचनाओं के मद्देनजर, यह चुनौती गंभीर बन जाती है। एक्सिस एएमसी द्वारा बाजार पर कराये गए एक अध्ययन के निष्कर्षों से इस स्थिति की पुष्टि हुई है। इस अध्ययन के दौरान विभिन्न पृष्ठभूमियों और अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से संपर्क किया गया, जिनमें से सभी ने रिटायरमेंट को लेकर अपनी तैयारी से जुड़ी चिंताएं जाहिर की। लोग चाहते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी वो आत्मनिर्भर बने रहें और साथ ही, वो नहीं चाहते कि रिटायरमेंट के चलते उनकी जीवनशैली में कोई बदलाव आए। इन चुनौतियों को लेकर बढ़ती जागरूकता के साथ, लोगों को उनकी सहायता हेतु सही वित्तीय समाधान की जरूरत अधिकाधिक महसूस हो रही है। एक्सिस रिटायरमेंट सेविंग्स फंड को निवेशकों को उक्त सहायता हेतु विशिष्ट तरीके से डिजाइन किया गया है। इस फंड की कई विशेषताएं हैं, जैसे-लचीले जोखिम प्रोफाइल्स वाले अलग-अलग निवेश प्लान्स, विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत फंड प्रबंधन क्षमताएं, कर पर छूट, रिटायरमेंट के बाद की आय के लिए फंड के उपयोग की छूट और साथ ही, निवेशकों के लिए जीवन सुरक्षा उपलब्ध है, ताकि उन्हें अनुशासित बने रहने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। एक्सिस रिटायरमेंट से विंग्सप्लान की लॉक-इन अवधि पांच साल या रिटायरमेंट की उम्र (जो भी पहले हो) तक है। निवेशकों की विभिन्न जोखिम प्रोफाइल्स को ध्यान में रखते हुए, इस फंड में तीन निवेश विकल्प हैं- एग्रेसिव प्लान जिसमें 65-80 प्रतिशत निधि इक्विटी में निवेश की जाएगी, डाइनैमिक प्लान जिसमें 65-100 प्रतिशत निधि को परिवर्तनात्मक तरीके से इक्विटी में निवेश किया जाएगा और कंजर्वेटिव प्लान 40-80 प्रतिशत डेब्ट में निवेश किया जाएगा। रिटायरमेंट फंड जैसे दीर्घकालिक समाधान उपलब्ध कराते समय, विभिन्न जोखिम प्रोफाइल्स के लिए अलग विकल्प होना आवश्यक है। इसका कारण यह है कि जोखिम प्रोफाइल उनकी उम्र और परिस्थिति के आधार पर बदलती रहती है।

### मुख्य बातें

- कामकाजी आयुवर्ग-जो रिटायरमेंट के बाद आत्मनिर्भर बने रहना चाहता है- के लिए रिटायरमेंट की प्लानिंग चुनौती बनती जा रही है।
- एक्सिस रिटायरमेंट सेविंग्स फंड को इस प्रकार से डिजाइन किया गया है, ताकि निवेशक दीर्घकालिक रिटायरमेंट प्लानिंग कर सकें।
- इस ओपन एंडेड फंड में निवेशकों की आयु व बदलती परिस्थितियों के आधार पर बदलती जोखिम प्रोफाइल्स के अनुरूप तीन अलग-अलग प्लांस हैं।
- आई-प्लससिप इंश्योरेंस दीर्घकालिकसिप निवेशकों की लंबितसिप प्रतिबद्धताओं के अनुरूप अनूठा नि:शुल्क जीवन सुरक्षा प्रदान करता है।
- एनएफओ की तिथि: 29 नवंबर से 13 दिसंबर, 2019 तक।

### आई- प्लससिप इंश्योरेंस

इस फंड की अनूठी एवं नई विशेषता यह है कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निवेशक का दीर्घ कालिक योजनाबद्ध निवेश अज्ञात जोखिम के शिकार न हों। आई-प्लससिप इंश्योरेंस निवेशकों को नि:शुल्क जीवन सुरक्षा प्रदानकरता है, जोकि उनके दीर्घकालिकसिप की शेष वचनबद्धता के बराबर है। इसकी इस खूबी के चलते, निवेशकों के मन को सुकून मिलेगा, क्योंकि वो अपने परिवार एवं आश्रितों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक निवेश प्लान्स बनाते हैं। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा यह इंश्योरेंस प्रदान किया जाएगा।

# 35 के बाद मां बनने पर शिशु को हो सकता है इस बड़ी बीमारी का खतरा

ज्यादा उम्र की महिलाओं से जन्मे लड़कों में दिल संबंधी बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है। एक हालिया शोध में यह दावा किया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज द्वारा किए गए शोध में पाया गया कि उम्रदराज माताओं के गर्भनाल में होने वाले बदलाव के कारण उनसे जन्मे लड़कों के स्वास्थ्य को आगे चलकर नुकसान पहुंच सकता है।

**35 के बाद मां बनने से मुश्किल:** यह शोध चूहों पर किया गया और पाया गया कि 35 की उम्र के ऊपर मां बनने वाली महिलाओं के बेटों के साथ ऐसी समस्या हो सकती है। हालांकि, शोध में पाया गया कि देर से मां बनने वाली महिलाओं के बेटों को तो इसके नकारात्मक परिणाम भुगतने पें लेकिन बेटियों में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला, बल्कि उनमें कुछ फायदा ही देखा गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि माताओं की उम्र ज्यादा होने से गर्भनाल द्वारा बच्चे तक पोषण और ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता कम हो जाती है। पहली गर्भावस्था की उम्र बती जा रही है- शोधकर्ता डॉक्टर अमांडा पेरी ने कहा, महिलाओं में पहली गर्भावस्था की औसत आयु दिनों-दिन बती जा रही है, इसलिए यह समझना जरूरी है कि ज्यादा उम्र में मां बनने वाली महिलाओं के बच्चों में वयस्क होने पर किस तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### बेटा होगा तो बढ़ेंगी मुश्किलें

शोधकर्ताओं ने कहा कि मां को गर्भ में पल रहे बच्चे से जोने वाली गर्भनाल बेहद गतिशील होती है। महिलाओं की उम्र बने से होने वाले जेनेटिक बदलावों के कारण गर्भनाल के कार्य करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। बढ़ती उम्र में पोषण का बंटवारा करना मुश्किल होता है।

शोधकर्ता डॉक्टर टीना नापसो ने कहा कि, ज्यादा उम्र में गर्भधारण करना मां के लिए काफी महंगा साबित होता है क्योंकि उसके शरीर के लिए बच्चों के साथ पोषण का बंटवारा करना थोा मुश्किल हो जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि शोध के दौरान देखा गया कि उम्रदराज मां और मादा भ्रूण के मामले में गर्भनाल फायदे देता हुए पाया गया। इस दौरान गर्भनाल में सकारात्मक बदलाव देखे गए जो भ्रूण के विकास को ज्यादा फायदा पहुंचाते हैं।

वहीं शोध में पता चला कि नर भ्रूण के मामले में उम्रदराज माताओं का गर्भनाल कमजोर हो जाता है और ठीक से अपना काम नहीं कर पाता।





## मसाला दलिया

### सामग्री

■ 1 कप भुना हुआ दलिया ■ 1 हरी मिर्च ■ 1 प्याज ■ 1 कप लौकी ■ 1 चम्मच सरसों के बीज ■ हल्दी पाउडर ■ 1 बड़ा चम्मच घी ■ 1 कप कटी हुई गाजर ■ 1/2 कप शिमला मिर्च ■ 1 छोटा चम्मच हल्दी ■ 1/2 कप कटे हुए टमाटर ■ ½ कप हरी मटर ■ ½ कप स्वीट कॉर्न ■ ½ टीस्पून काली मिर्च पाउडर ■ 1 नींबू का रस ■ नमक स्वाद अनुसार ■ अनार के बीज और धनिया पत्ती गार्निशिंग के लिए

### विधि

सबसे पहले एक पैन में घी गर्म करें। अब इसमें राई और प्याज डाल दें। प्याज को गोल्डन ब्राउन होने के बाद भूने। इसके बाद इसमें हरी मिर्च, लौकी, कॉर्न्स, गाजर, शिमला मिर्च और मटर डालकर भूनें। अब पैन में टमाटर डालें। इसके बाद पैन में नमक, काली मिर्च और हल्दी पाउडर डालकर पैन को 3-4 मिनट के लिए ढक दें। थोड़ी देर बाद सब्जियों को अच्छी तरह से मिला लें। अब पैन में डालिया और पानी डालकर पैन को दोबारा ढक दें। दलिया को समय-समय पर चेक करते रहे। एक बार दलिया पकने के बाद गैस को बंद करके दलिया में नींबू का रस मिलाकर उसे गर्मा-गर्म प्लेट में अनार के दानों और धनिया पत्ती से गार्निश करके सर्व करें।



## मसाला बनाना करी

### सामग्री

■ 2 कच्चे केले ■ नमक ■ 1/4 टीस्पून हल्दी ■ 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर ■ 1 टेबलस्पून अदरक का पेस्ट, तेल ■ बारीक कटा प्याज और टमाटर ■ चुटकी भर मेथी दाना और सौंफ ■ करी पत्ते ■ 2 टेबलस्पून लहसून का पेस्ट ■ 2 टेबलस्पून धनिया व जीरा पाउडर ■ 2 टेबलस्पून इमली का पल्प

### विधि

छिले हुए केलों को मोटे और गोल टुकड़ों में काट लें। उन पर नमक, हल्दी पाउडर, 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर और आधा अदरक का पेस्ट अच्छी तरह मिला लें। एख नॉनस्टिक पैन में तेल गर्म कर केले के स्लाइसेज भूनें। एक कड़ाही में मेथी दाना, सौंफ, करी पत्ते और प्याज भूनें। बचा हुआ अदरक का पेस्ट, लहुसन का पेस्ट और टमाटर उसमें मिला लें। केलों पर थोड़ा पानी छिड़कें और ढककर पकने दें। अब हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। उसमें आधा कप पानी और नमक मिलाने के बाद केले के टुकड़े और इमली का पल्प मिलाएं। आंच धीमी कर थोड़ा और पानी डालकर कड़ाही ढक दें। 1-2 मिनट तक पकाने के बाद गरमागरम सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली 5014



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 5013 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

सीदा-साधा चमन लड़कियों से बहुत दूर भागता था। वह नए साल की पार्टी मनाने के लिए घर से निकला ही था कि सामने चौराहे पर एक सुंदर, सजी-धजी युवती पर उसकी निगाह पड़ी।

युवती ने भी उसे देखा और अपने हाथ के गुब्बारे उसकी ओर बढ़ाकर शरारत भरे अदाज में कहा- 'डार्लिंग...! अब चले... पार्टी मनाने।'

चमन लड़खड़ाकर बोला- नहीं! मैंने आज से लड़कियों से दूरी बनाने का संकल्प लिया है।

रमन- 'यार, कल रात घर पहुँचने पर काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। आखिर मुझे रात बाहर ही गुजारनी पड़ी।'

चमन- 'फिर सुबह उठकर उन्हें डाँटा की नहीं?'

रमन- 'नहीं यार! कैसे डाँटता...। आँखें खुलने पर देखा तो पता चला कि मैं घर का नहीं बीयर बार का दरवाजा खटखटा रहा था।'

## फिल्म वर्ग पहेली- 5014



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 5013



## सूडोकु -5014

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -5013 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली -5014



**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली - 5013 हल



## पाकिस्तानी के लिए जासूसी करता सेना का जवान जम्मू से गिरफ्तार

एजेंसी
**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में भारतीय सेना के एक जवान को जम्मू-कश्मीर के जिला बारामूला के उरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन को पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल की तरफ से अंजाम दिया गया है। आरोपित की पहचान देविंदर सिंह, निवासी गांव निहालगढ़, शादीहरी, जिला संगरूर के रूप में हुई है।पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि यह गिरफ्तारी पहले काबू किए गए पूर्व फौजी गुरप्रीत सिंह उर्फ फौजी से पूछताछ के आधार पर की गई। वह सेना से जुड़ी गुप्त जानकारियां आईएसआई से जुड़े लोगों को देता था। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल कुछ दिन पहले एक पूर्व फौजी को फिरोजपुर जेल प्रोडक्शन वारंट पर लाई थी। जब उससे पूछताछ हुई तो उसने कबूला था कि उसका पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लोगों से संपर्क है। साथ ही वह उनके साथ सेना से जुड़ी जानकारियां शेयर करता है। उसने बताया था कि वह सेना में कई जगह रहा है। इसके बाद अब यह गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद जब जांच आगे बढ़ी तो यह गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के अनुसार देविंदर सिंह से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह और गुरप्रीत दोनों वर्ष 2017 में एक-दूसरे के संपर्क में आए थे, जब वे दोनों पुणे स्थित सेना प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रहे थे और तब से एक-दूसरे को जानते हैं।

## हिमाचल में 22 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी, अब तक 109 मौतें

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का असर लगातार बना हुआ है और आने वाले दिनों में बारिश के और भी ज्यादा तेज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 22 जुलाई तक भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को भी राजधानी शिमला और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही, जबकि मैदानी भागों में मौसम साफ बना रहा। सिरमौर जिले में बीती रात भारी बारिश हुई, जिससे कई स्थानों पर पानी का बहाव तेज हो गया। बीते 24 घंटों में कुल्लू जिले के कोठी, सिरमौर जिले के जतौन बैराज और संगड़ाह में 40-40 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 17 से 20 जुलाई तक कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी के तहत येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 21 और 22 जुलाई को बारिश के और ज्यादा तीव्र होने की संभावना के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश के कारण भूस्खलन, नदियों और नालों में जलस्तर बढ़ने और सड़कों के बाधित होने की आशंका है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 17 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी के साथ येलो अलर्ट जारी है। इन जिलों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई रखी गई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2025 पुरस्कारों के लिए नामांकन 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो गए हैं। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in के माध्यम से किए जाने चाहिए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 5 से 18 वर्ष की आयु के उन बच्चों की असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक अनूठा सम्मान है जिन्होंने खेल, समाज सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। यह पुरस्कार उन बच्चों को भी प्रदान किया जाता है जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में असाधारण साहस का परिचय दिया है। कोई भी नागरिक, विद्यालय, संस्था या संगठन अपने योग्य उम्मीदवारों को नामांकित कर सकता है। बच्चे स्व-नामांकन के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं।

## पीके ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल, दिलीप जायसवाल पर लगाए घोटाले के आरोप

**पूर्णिया।** बिहार में अपनी 'बदलाव यात्रा' के तहत पूर्णिया पहुंचे प्रशांत किशोर ने पत्रकार वार्ता कर तीन अहम मुद्दों पर भाजपा, चुनाव आयोग और महाराष्ट्र की राजनीति पर तीखे हमले किए। पीके ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव इसी वोटर लिस्ट से हुआ, जिसमें मोदी जी प्रधानमंत्री बने। अब उसी लिस्ट से विधानसभा चुनाव में दिक्कत क्यों? उन्होंने इसे भाजपा की सोची-समझी साजिश बताया और आरोप लगाया कि पिछड़े वर्गों के नाम जानबूझकर हटाए जा रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनाव आयोग किसी की नागरिकता तय नहीं कर सकता, यह अधिकार केवल सुप्रीम कोर्ट को है। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है तो जन सुराज उनके साथ खड़ा रहेगा। इसके साथ ही पीके ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पर फिर सीधा हमला बोला और चार गंभीर आरोप दोहराए।

## चीन सीमा पर भारत ने स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का परीक्षण करके दिखाई ताकत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्किये के ड्रोनों के हवाई हमलों को बेअसर करने वाले स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का भारतीय सेना ने लद्दाख सेक्टर में 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर परीक्षण किया। भारतीय वायु सेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दुश्मनों के विमानों को चंद मिनटों में मार गिराने में सक्षम मिसाइलें दागीं। परीक्षण के वक्त इस बात का ध्यान रखा गया कि किसी भी सूरत में अगर दुश्मन के विमान भारतीय वायु सीमा का उल्लंघन करें, तो उन्हें हर परिस्थिति में मार गिराया जाए। डीआरडीओ निर्मित यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों का 30 किलोमीटर पहले ही पता लगाकर उसे नीचे ला सकती है। आकाश मीडियम रेंज की हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे डिफेंस रिसर्च एंड




डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन, भारत डायनामिक्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने तैयार किया है। चीन के साथ तनाव की शुरुआत के समय से ही पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत ने स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर रखा है। भारत की स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली 4.5 किमी से 25 किमी की दूरी तय करती है। ये 100 मीटर से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक हवाई खतरों से निपट सकती है। यह एक कमांड गाइडेंस सिस्टम का उपयोग करता है। यह सिस्टम हेलीकॉप्टरों, लड़ाकू विमानों और मानव रहित हवाई वाहनों को निशाना बना सकता है। डीआरडीओ के मुताबिक इसमें लड़ाकू जेट विमानों, क्रूज मिसाइलों और हवा से सतह वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। यह भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के साथ परिचालन सेवा में है।आर्मी एयर डिफेंस ने आज डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर लद्दाख सेक्टर में 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर परीक्षण किया। इस दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने अत्यंत ऊंचाई वाले क्षेत्र में अत्यंत तेज गति से चलने वाले लक्ष्य विमानों पर दो सीधे प्रहार किए।

## 10 लाख नागरिकों को मिलेगा निःशुल्क एआई प्रशिक्षण

एजेंसी
**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने घोषणा की है कि 10 लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को इस प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। यह निर्णय डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लिया गया है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित डिजिटल इंडिया उत्सव के दौरान इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सीएससी नेटवर्क ने देश के लगभग 90 प्रतिशत गांवों तक पहुंच बनाई है। मंत्री ने ग्रामीण उद्यमियों की प्रेरक कहानियों का उल्लेख किया, जिन्होंने डिजिटल कौशल हासिल कर अपने समुदायों को सशक्त बनाया है। उन्होंने यह भी बताया कि अब समय आ गया है कि सभी वीएलई को आईआरसीटीसी सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वहीं उनके मंत्रालय में सहयोगी मंत्री जितिन प्रसाद ने डिजिटल अंतराल को समाप्त करने में सीएससी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 2014 में केवल 83 हजार सीएससी केंद्र थे, जबकि आज उनकी संख्या 5.5 लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, जिसमें 74 हजार से अधिक महिला वीएलई का योगदान शामिल है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में की थी।

## जिन लोगों को कोई पूछता भी नहीं था, उनको प्रधानमंत्री पूजते हैं: बी.एल. वर्मा

एजेंसी
**लखनऊ।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सीवर एवं सेप्टिक टैंक स्वच्छता श्रमिकों के कल्याण के उद्देश्य से आयोजित नमस्ते दिवस कार्यक्रम में वेस्ट पिकर के लिए हेल्पलाइन (14473) का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लखनऊ जनपद निकाय के सीवर और सेप्टिक टैंक स्वच्छता श्रमिकों (एस.एस.डब्लू.) तथा कचरा एकत्र करने वालों को को पी.पी.ई. किट और आयुष्मान कार्ड तथा इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट यूनिटों को सुरक्षा किट प्रदान की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा ने कहा कि जिनको कोई नहीं पूछता था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पूजकर सम्मान देने का काम किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गयी थी। उस अभियान के बाद से देश की तस्वीर में ज़मीन-आसमान का फर्क आया



है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि नमस्ते योजना केवल एक योजना नहीं बल्कि एक संकल्प है, जिसके तहत देशभर में सीवर और सेप्टिक टैंक में कार्यरत श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नमस्ते योजना के तहत अब तक 85067 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स की प्रोफाईलिंग की जा चुकी है तथा 45871 सीवर सेप्टिक टैंक वर्कर्स को पी.पी.ई. किट्स प्रदान किए जा चुके हैं तथा 40166 वर्कस को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं कैबिनेट में यह संदेश दिया था कि न केवल अपने घर बल्कि अपने कार्यालयों की स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हम सभी की है।

## पहलगाम के आतंकवादियों का सफाया जल्द होगा: मनोज सिन्हा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** जम्मू एवं कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जल्दी ही देश को पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों का सफाया होने की खबर मिलेगी। मनोज सिन्हा ने यहां गांधी स्मृति एवं दर्शन में जम्मू कश्मीर में शांति की स्थापना विषय पर एक व्याख्यान में कहा कि जम्मू एवं कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35ए हटने के बाद भारत के साथ वहां के लोगों का एकीकरण पूरा हो गया है। कश्मीर घाटी के लोगों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को पूरी तरह से नकार दिया है। उप राज्यपाल ने कहा कि पहलगाम में हमले में शामिल आतंकवादियों की पहचान हो चुकी है और उनकी भौगोलिक स्थिति का भी पता चल चुका है। बहुत जल्दी देश को उनके सफाया होने की खबर मिलेगी।सिन्हा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर बापू के सिद्धांत पर शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल की पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस स्वत~ स्फूर्त ढंग से जनता में आतंकवाद-विरोधी लहर



दिखाई दी वो बीते 50 साल में कभी नहीं दिखी थी। लोगों ने पड़ोसी देश के एजेंडे को नकार दिया।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों को पहली बार अपनी मर्जी से जीने की आजादी मिली है। पांच साल में जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था और निर्यात दोगुने से अधिक हो गये हैं। जम्मू कश्मीर बैंक पांच साल पहले 1300 करोड़ रुपये के घाटे में चल रहा था और आज यह बैंक 1700 करोड़ रुपये से अधिक के मुनाफे में है। यहां निष्पक्ष चुनाव हुए और उनकी पसंद की सरकार बनी। मनोज सिन्हा ने कहा कि पांच साल में कश्मीर में 5000 से अधिक नये होटल बने हैं। 15 हजार से ज्यादा नयी गाड़ियां खरीदी गई हैं। बीते साल दो करोड़ 38 लाख पर्यटक आए। उन्होंने कहा कि इससे लोगों में समृद्धि आयी और उनमें यह समझ बनी कि उनका भविष्य भारत में ही उज्ज्वल है। इस प्रकार से पाकिस्तान के एजेंडे के लिए समर्थन समाप्त हो गया। उप राज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान और उसके आतंकवादियों ने पहलगाम में 22 अप्रैल को जो किया, उसके पीछे उनका मकसद था कि देश में धार्मिक वैमनस्य बढ़े। देश के बाकी हिस्सों में रहने वाले कश्मीरी लोगों पर हमले हों और कश्मीर के लोग फिर से पाकिस्तानी एजेंडा में फंस जाए। उनकी सोच थी कि जम्मू कश्मीर में आर्थिक विपन्नता आयेगी तो पत्थरबाजी के लिए लोग मिलेंगे।

## चित्रकूट का होगा कायाकल्प, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं

एजेंसी
**भोपाल।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट का कायाकल्प होगा। यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इसी सिलसिले में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और मुंबई की मेसर्स सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण अनुबंध हुआ। इस अनुबंध के माध्यम से जिला सतना में मां मंदाकिनी नदी के तट पर चित्रकूट में विभिन्न विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण के कार्य होंगे, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्व स्तरीय विधाएं उपलब्ध होंगी। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव तथा मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन और अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी की



अध्यक्षता में संयुक?त संचालक प्रशांत सिंह बघेल और मेसर्स सावनी हेरिटेज कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई की ओर से जीतेश कुमार ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस प्रोजेक्ट के लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट शिल्पा शर्मा और मेसर्स आईपीई ग्लोबल के सीनियर आर्किटेक्ट निल्विन राफेल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि चित्रकूट में कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएमसी (डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कमेटी) का गठन किया जा चुका है और भविष्य में एक डेस्टिनेशन मैनेजमेंट आर्गेनाइजेशन (डीएमओ) की स्थापना की जाएगी, जो योजना, प्रचार-प्रसार एवं संचालन के कार्यों का उत्तरदायित्व निभाएगी। इस अनुबंध के माध्यम से चित्रकूट में मंदाकिनी तट पर राघव घाट, भरत घाट एवं विश्राम घाट का उन्?नयन, सौंदर्यीकरण एवं सात्विक रसोई, प्रवेश द्वार, साईनेज बोर्ड, टायलेट, सुवेनियर शॉप, वीडियो एलईडी वॉल, टाइमलाइन वॉल, स्कल्पचर गार्डन, नियंत्रण कक्ष, प्रोजेक्शन मैपिंग और साइट डेवलपमेंट आदि कार्य होंगे।

## धर्मांतरण मामला : छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू को जेल भेजा गया

एजेंसी
**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण मामले में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को एनआईए/एटीएस कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया। इससे पहले एटीएस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया। इस दौरान छांगुर ने पत्रकारों से कहा कि वो निर्दोष है। अवैध धर्मांतरण के मुख्य आरोपित छांगुर और सहयोगी नसरीन की एक सप्ताह की पुलिस कस्टडी रिमांड की अवधि पूरी हो गई थी। एटीएस ने दोनों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। यहां पर उनका मेडिकल परीक्षण हुआ। इसके बाद इन्हें एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया गया। इससे पहले पूछताछ के लिए दोनों को एटीएस ने सात दिन की कस्टडी रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान दोनों से एटीएस को अवैध धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग को लेकर कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेशी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें लखनऊ की जेल में भेज दिया गया है। जिला कारागार के वरिष्ठ अधिकारी आरके जायसवाल ने बताया कि एटीएस टीम छांगुर और नसरीन को यहां लेकर आई थी। तलाशी और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें अलग-अलग बैरक में रखा गया है। नसरीन का पति नवीन उर्फ जमालुद्दीन भी जेल के बैरक में बंद हैं। बैरकों में सुरक्षा-व्यस्था चाक चौबंद रखा गया है। वहीं, आरोपितों से पूछताछ के दौरान एटीएस को मिले जानकारी के बाद अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।

## मध्य प्रदेश और स्पेन के बीच फिल्म को-प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए हुआ एमओयू

एजेंसी
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्पेन यात्रा के पहले दिन मैड्रिड में फिल्म आयोग के अध्यक्ष जुआन-मैनुअल गइमेरेन्स एवं अन्य प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भारत और स्पेन के बीच फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में दोनों देशों को रचनात्मक और व्यावसायिक रूप से लाभ पहुँचाने वाले फिल्म को-प्रोडक्शन के अवसरों पर महत्वपूर्ण चर्चा के साथ फ़िल्म सह निर्माण को बढ़ावा देने एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता स्पेनिश फिल्म निर्माताओं को मध्य प्रदेश में शूटिंग स्थानों की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पेनिश प्रोडक्शन कंपनियों को मध्य प्रदेश में फिल्मांकन के लिए



आमंत्रित किया और राज्य की विविधता, सरकारी सहयोग और अनुकूल माहौल का प्रमुखता से उल्लेख किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म आयोग के अध्यक्ष जुआन-मैनुअल गइमेरेन्स को सम्मानित भी किया। बैठक में स्पेन फिल्म आयोग ने स्पेन में विदेशी फिल्म प्रोडक्शंस के लिए उपलब्ध विभिन्न इंसेंटिव्स, सब्सिडी और सहूलियतों की जानकारी साझा की, जिससे भविष्य के सहयोग को प्रभावी स्वरूप दिया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश की विविध और दर्शनीय लोकेशन्स और राज्य की फिल्म-फ्रेंडली नीति को विस्तार से प्रस्तुत किया, जो अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शंस के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करती है। उन्होंने स्पेनिश निर्माताओं को मध्य प्रदेश में लोकेशन स्काउटिंग विज़िट के लिए आमंत्रित किया। बैठक में दोनों देशों की फिल्म नीतियों के बीच संभावित तालमेल और प्रक्रिया सरलता के बिंदुओं पर चर्चा हुई। भारत और स्पेन के बीच संयुक्त फिल्म समारोहों, वर्कशॉप्स और सांस्कृतिक आयोजनों की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिससे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मजबूत हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स, स्क्रिप्ट लेखन जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय कौशल विकास और तकनीकी प्रशिक्षण के अवसरों पर सहयोग की आवश्यकता पर चर्चा की।

## असम के डिमा हसाओ भूस्खलन में दो लोगों की मौत, पांच गंभीर

एजेंसी
**डिमा हंसाओ (असम)।** असम के पहाड़ी ज़िलों में से एक, डिमा हसाओ के माहुर थाना अंतर्गत हंगरुम गांव में हुए भीषण भूस्खलन में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसी घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से ज़्यादातर की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान स्थानीय निवासी हुआज़ेंगम्बे नरियामे (70) और लखीमपुर निवासी उत्खननकर्ता चालक फेरोन तिगा (39) के रूप में हुई है। यह घटना आज बुधवार सुबह लगभग 10:30 बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही माहुर थाना पुलिस और एसडीआरएफ की एक टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय और ज़िला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घायलों को बचाया गया और आपातकालीन उपचार के लिए माहुर अस्पताल ले जाया गया। कुछ की हालत गंभीर होने के कारण



